


# हमारा दून

## 29 को भारी बर्फबारी की सम्भावना पर अलर्ट किया

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बीर सिंह बुदियाल ने अवगत कराया है कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पुर्वानुमान के अनुसार 29 जनवरी को राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग और पिथौरागढ जनपदें में 300 मीटर और उससे अधिक की ऊंचाई वाले स्थानों पर भारी बर्फबारी होने की सम्भावना के अलावा नैनीताल, दून, पौड़ी, हरिद्वार और उधमसिंहनगर सहित कुछ स्थानों विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में शीत दिवस की स्थिति होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। उन्होंने आपदा प्रबन्धन आईआरएस प्रणाली के नामित समस्त अधिकारियों एवं विभागीय नोडल अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहते हुए अपने मोबाईल फोन सक्रिय रखने तथा जनपद स्तरीय सम्बन्धित अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर तत्परता बनाये रखते हुए सावधानी, सुरक्षा एवं आवागमन में नियंत्रण की स्थिति बनाये रखने, आपदा, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करने, एनएच, लो.नि.वि, पीएमजीएसवाई, सीपीडब्लूडी आदि विभागों को किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने की दशा में उसे तत्काल खुलवाने की कार्यवाही करने, समस्त चौकी, थानों को आपदा सम्बन्धी उपकरण एवं वायरलैस सहित हाई अलर्ट पर रहने तथा किसी भी आपदा की सूचना जनपद आपदा परिचालन केन्द्र के दूरभाष न0 0135–2726066 एवे टोलफ्री न0 1077 पर देने के निर्देश दिये।

# उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट को मिली केंद्र से सैद्धांतिक स्वीकृति

**निर्देश**

मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट के लिए समय सीमा तय करने के निर्देश दिए

लगभग 1203 करोड़ रूपए की है अनुमानित लागत

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्र सरकार ने लगभग 1203 करोड़ रूपए के उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। सिंचाई विभाग द्वारा उत्तराखण्ड वाटर मेनेजमेंट प्रोजेक्ट बनाया गया है। इसकी अनुमानित लागत 1203 करोड़ रूपए है। नीति आयोग द्वारा ''जलसुरक्षा के लिए हिमालय के जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन'' पर प्रकाशित रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए यह प्रोजेक्ट तैयार किया जा गया है। प्रोजेक्ट की प्री–फिजीबिलीटी रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके तहत प्रस्तावित बांध, नहरों व तालाबों के निर्माण की डीपीआर बनाई जा रही है।

**जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन, तालाबों के निर्माण और नहरों के पुनरूद्धार पर फोकसः** मुख्यमंत्री के समक्ष प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया गया। बताया गया कि प्रस्तावित 'उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट'' के तहत जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन, जलाशयों से गाद निकालने, तालाबों के निर्माण और नहरों के पुनरूद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट पर गम्भीरता और समयबद्धता से काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे प्रदेश को प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलने के साथ ही सकारात्मक सामाजिक प्रभाव भी होंगे। पर्यावरण और वन्य जीवन के संरक्षण में भी यह प्रोजेक्ट सहायक रहेगा। परियोजना गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य, साफ पानी और स्वच्छता, क्लाईमेट एक्शन और भूमि पर जीवन जैसे स्थायी विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक होगी।

**जलस्त्रोतों की मैपिंग और स्प्रिंग शैड मैनेजमेंटः** जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन के तहत जलस्त्रोतों की मैपिंग और स्प्रिंग शैड मैनेजमेंट किया जाएगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाईड्रोलॉजी रूड़की द्वारा लघु चौक डैम बनाने, ट्रेंचेज को रिचार्ज करने और कैचमेंट एरिया में पौधारोपण का सुझाव दिया गया है। स्त्रोतों के पुनर्जीवन पर लगभग 90 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

मौजूदा नहरों के पुनरूद्धार के तहत 382 लघु सिंचाई की नहरों/गूलों की मरम्मत के लिए 95 योजनाओं का काम लिया गया है। इन 95 ग्रेविटी स्किमों के पुनरूद्धार व नवीनीकरण पर 324 करोड़ रूपए की लागत अनुमानित है।

जलाशयों के डिसिल्टिंग के तहत हरिपुरा और बौर जलाशयों की डिसिल्टिंग कर इनकी सिंचन क्षमता में सुधार लाया जाएगा।

### पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी होगी मजबूत

सचिव डा. भूपिंदर कौर औलख ने बताया कि प्रोजेक्ट से प्रदेश में सिंचन क्षमता में वृद्धि होगी जिससे कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा। भूमिगत जल स्तर रिचार्ज होगा। जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन से स्थानीय लोगों और किसानों को सीधा फायदा होगा। सिंचन क्षमता और कृषिगत उत्पादन में बढ़ोतरी होने से पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन कम होगा। हॉर्टीकल्चर और पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने से लोगों को रोजगार मिलेगा और आय बढ़ेगी। पर्वतीय क्षेत्रों के प्राकृतिक जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन होगा जो कि वनस्पति और वन्य जीव जंतुओं के लिए बहुत जरूरी है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दून के विभिन्न क्षेत्रों से दो शव मिलने से सनसनी

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों से दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। पहला अंबीवाला टी स्टेट में एक मानव कंकाल मिला, जबकि बांसवाड़ा के जंगलों में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले को हत्या से जोड़ कर देख रही है।

### कार व बाइक की भिड़ंत में युवक घायल

**संवाददाता** मसूरी। देहरादून हाइवे पर कोल्हूखेत के समीप एक बोलेरो कार व बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से दून अस्पताल भेजा गया। वहीं बताया जा रहा है कि देहरादून से मसूरी आ रही कार तेज रफ्तार के साथ साथ रॉग साइड चल रही थी जो अनियंत्रित होकर बाइक से जा भिड़ी। जिससे बाइक पर सवार युवक को गंभीर चौटे आई।

### मकान में लगी आग, सो रहे व्यक्ति की जलने से मौत

देहरादून। बीती देर रात एक मकान में आग लगने से अंदर सो रहे एक व्यक्ति बाबूराम उम्र 50 वर्ष निवासी सराय गली मुस्लिम बस्ती वार्ड नंबर तीन थाना विकासनगर दून की जलने से मौत हो गई।

### एयरटेल ने नया 179 रु का प्रीपेड बंडल लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। लाइफ इंश्योरेंस कवर के साथ अपने नए प्रीपेड बंडलों के सफल लॉन्च के बाद, भारती एयरटेल ने आज 2 लाख रुपये के जीवन कवर के साथ अपना सबसे सस्ता प्रीपेड बंडल पेश किया। महज 179 रुपये में मिलने वाला एयरटेल का नया प्रीपेड बंडल, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस से 2 लाख रुपये के टर्म लाइफ कवर के साथ किसी भी नेटवर्क पर असीमित कॉलिंग, 2 जीबी डेटा, व 300 एसएमएस प्रदान करता है।

# कॅरोना वायरस से आवश्यक सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**बैठक**

- केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन के साथ सीएस ने की बैठक

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह करोना वायरस को लेकर बैठक करते हुए।

कॅरोना वायरस से आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन के साथ मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि प्रदेश की नेपाल सीमा से लगे जनपद चम्पावत, पिथौरागढ़ एवं ऊधमसिंहनगर में प्रभावित देशों से आने वाले पर्यटकों पर निगरानी हेतु सीमा क्षेत्र में मेडिकल टीमें लगाई गयी है तथा संभावित मरीज की सघन स्क्रीनिंग की जा रही है। ज्ञातव्य है कि चम्पावत में बनबसा, टनकपुर, पिथौरागढ़ के धारचूला, बलुवाकोट, जौलजीवी, झूलाघाट, नैनीसैणी एयरपोर्ट, ऊधम सिंह नगर में खटीमा, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून एयरपोर्ट में एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं।

मुख्य सचिव ने स्क्रीनिंग सेंटर के आस–पास अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आईसोलेशन बेड्स बढ़ाने के निर्देश दिये। वर्तमान में एच1 एन1 इन्फ्लूएंजा, कॉरोना, वायरस रोगियों के उपचार हेतु अल्मोड़ा में 14, चमोली में 18, चम्पावत में 16, देहरादून में 25, नैनीताल में 32, पौड़ी में 24, रूद्रप्रयाग में 10, टिहरी में 14 हरिद्वार में 12, पिथौरागढ़ में 4 आईसोलेशन बेड्स की व्यवस्था उपलब्ध है। चर्चा में बताया गया कि प्रदेश में अभी तक कोई कॅरोना वायरस मरीज की पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्य सचिव ने ग्राम स्तर पर वृहद प्रचार–प्रसार हेतु सचिव पंचायत को निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों पर आईसोलेशन सुविधा विस्तार के निर्देश दिए।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा देहरादून शहर की जनसमस्याओं का समाधान न किये जाने पर एस्लेहाल चौक में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस असवर पर उन्होंने कहा कि महानगर कांग्रेस द्वारा कई वार संबंधित नेतागणों एवं अधिकारियों को लगातार जनसमस्याओं से अवगत कराया गया है परन्तु सरकार व अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि व्यापारियों पर कामर्शियल टैक्स, मलिन बस्तियों का नियमतिकरण पट्टा न दिये जाने, ई रिशाा के चालान, वनवे यातायात व्यवस्था, देहरादून को स्मार्ट सीटी बनाने जैसे अहम मुद्दे है जो जनसरोकारों से जुड़े है पर राज्य सरकार उन पर ध्यान नही दे रही है।

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे ई रिक्शा चालक

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी के प्रमुख मार्गो पर ई रिक्शा संचालन पर लगाई गयी रोक के विरोध में ई रिक्शा चालकों ने आज सीएम आवास कूच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ई रिक्शा संचालकों को विपक्ष कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है आज सीएम आवास कूच के दौरान भी कांग्रेस के कई नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि ई रिक्शा को नगर यातायात में बाधक बताते हुए घंटाघर सहित प्रमुख मार्गो और हाईवे पर ई रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके कारण राजधानी क्षेत्र में काम करने वाले डेढ़ हजार से अधिक ई रिक्शा चालकों की रोजी रोटी प्रभावित हो रही है। जिससे उनके परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।